सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{22 फाल्गुन, 1939 (श0)}}{\text{13 मार्च, 2018 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 131

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | शिक्षा विभाग | | 76 |
| (2) | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग | .. | 04 |
| (3) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | 12 |
| (4) | समाज कल्याण विभाग | .. | 15 |
| (5) | परिवहन विभाग | .. | 07 |
| (6) | पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | 06 |
| (7) | खान एवं भूतत्व विभाग | .. | 06 |
| (8) | पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | .. | 03 |
| (9) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | 02 |
| | | कुल योग — | 131 |

स्टेडियम का निर्माण

*1038. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया प्रखंड में एक भी स्टेडियम नहीं है जबकि उक्त प्रखंड अन्तर्गत सागर पंचायत के बुद्ध तालाब खेल मैदान पर वर्षों से खेल का आयोजन होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लक्ष्य प्राप्ति करना

*1039. श्री ललित कुमार यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''गर्भवती नहीं खोज पाने पर सभी 534 सी0डी0पी0ओ0 का वेतन रोका'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजनान्तर्गत राज्य सरकार का परफोर्मेंस केन्द्र सरकार द्वारा समीक्षा के दौरान संतोषजनक नहीं पाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गर्भवतियों की खोज एवं किशोरी बालिका योजना में सी0डी0पी0ओ0 की शिथिलता से प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और किशोरी बालिका योजना फेल होने के कगार पर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना एवं किशोरी बालिका योजना की लक्ष्य प्राप्ति हेतु कौन-सी कदम उठाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय की स्थापना

*1040. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत प्रखंड सोनो और चकाई में खैरा (माज पहाड़िया) जातियों की संख्या लगभग 5 हजार होने के बावजूद उनके बच्चों के शिक्षा हेतु समुचित व्यवस्था नहीं है जबकि उन्हें अनुसूचित जन-जाति का दर्जा प्राप्त है, यदि हाँ, तो सरकार उनके बच्चों के लिये विद्यालय की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पेंशन का लाभ दिलाना

*1041. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत शीला देवी, पति-स्व0 बबुआ मुर्मु, सैनी सोरने, पति-स्व0 भगोन मुर्मु, सा0-मियाँपुर, थाना-मनिहारी, जिला-कटिहार विगत 8 वर्षों से विधवा हैं लेकिन विधवा पेंशन का लाभ अबतक प्राप्त नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विधवाओं को पेंशन का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1042. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी, योजना लेखा, समस्तीपुर, सम्प्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा समस्तीपुर के अपने कार्यकाल में वित्तीय वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में वित्तरहित स्थापना अनुमति विद्यालय में छात्र/छात्राओं को मुख्यमंत्री साइकिल/पोशाक/छात्रवृत्ति की राशि आवंटित/उप-आवंटित करने एवं लाभुकों के राशि हस्तान्तरित करने के आरोप में उनके विरुद्ध दिनांक 2 दिसम्बर, 2016 को प्रपत्र ''क'' गठित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, समस्तीपुर ने अपने पत्रांक 177, दिनांक 17 जून, 2016 द्वारा विभाग से इस मामले में संज्ञान लेने हेतु अनुरोध किया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या वित्तीय अनियमितता करने वाले उक्त पदाधिकारी के विरुद्ध जाँच कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*1043. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक पंचायत में इन्टरमीडिएट (उच्चतर माध्यमिक) विद्यालय खोलने का वर्ष 2017 में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के सरायरंजन प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मणिका में $1\frac{1}{2}$ (डेढ़) एकड़ जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मणिका को उच्चतर माध्यमिक (इन्टर) में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*1044. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के बालिका उच्च विद्यालय, जयनगर में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत एवं उर्दू विषयों के शिक्षकों की कमी रहने के कारण छात्रों को विषयवार शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में उक्त विषय के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*1045. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजकीयकृत +2 मेवालाल राजावती सार्वजनिक उच्च विद्यालय, सरौती के वर्ग-9 एवं 10 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के भुगतान हेतु वर्ष 2015-16 में छात्रवृत्ति का द्वितीय किस्त के भुगतान हेतु प्रति छात्र-छात्रा 900 रु0 की दर से बी0सी0-2 हेतु 3 लाख बीस हजार तीन सौ रु0 दिनांक 5 अप्रील, 2016 को बी0सी0-1 हेतु आठ लाख ग्यारह हजार आठ सौ रु0 दिनांक 15 अप्रील, 2016 को तथा एस0सी0, एस0टी0 हेतु एक लाख चार हजार तीन सौ रु0 दिनांक 6 मई, 2016 को वर्णित विद्यालय को प्राप्त कराया गया था परन्तु विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा इस राशि का भुगतान छात्र-छात्राओं के खातों में नहीं किया गया, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित राशि छात्र-छात्राओं के खातों में भेजने तथा दोषी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्थानान्तरण कराना

*1046. श्रुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में बाल बिकास परियोजना पर्वेक्षिकाएँ विगत 6 साल से पदस्थापित हैं जबकि सरकार द्वारा हर तीन वर्ष में इनका स्थानान्तरण किया जाना है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिला के पर्वेक्षिकाओं का स्थानान्तरण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1047. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखण्ड के शिवदाहा पंचायत में शिवदाहा, बरैल, ततमा टोला में प्राथमिक विद्यालय स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के लिये रजिस्ट्री की गई जमीन खाता सं0 343, खेसरा सं0 574, रकबा 0.07 डी0 को उसी ग्राम के रौशन दास के द्वारा कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया है, जिस कारण उक्त स्थल पर विद्यालय का भवन निर्माण नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जमीन से अनधिकृत अतिक्रमण हटाकर विद्यालय भवन कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

*1048. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड करगहर के बड़हरी बाजार से पटना के लिये परिवहन विभाग द्वारा कोई सवारी गाड़ी (बस) नहीं चलाया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार बड़हरी बाजार से पटना के लिये सवारी गाड़ी (बस) का परिचालन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

डिग्री कॉलेज की स्थापना

*1049. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रीगा प्रखण्ड में डिग्री कॉलेज नहीं रहने से उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों को दूर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड में एक डिग्री कॉलेज की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बालू निकासी पर रोक

*1050. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेरघाटी के चिताब एवं डोभी के पिड़ासीन सहित दर्जनों घाटों में बालू उत्खनन नियम के विरुद्ध 3 मीटर गहराई से अधिक की जा रही है जिसके कारण स्थानीय भू-जल स्तर पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार नियम के विरुद्ध खनन करने वाले दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये उक्त स्थानों से बालू की निकासी पर कबतक रोक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1051. डॉ0 शमीम अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखण्ड अंतर्गत पचरखा पश्चिमी पंचायत के ग्राम-मोकिलसपुर में स्थित मध्य विद्यालय का अस्तित्व विगत 10 वर्षों से बूढ़ी गंडक नदी के कटाव के कारण समाप्त होने के कगार पर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय के अस्तित्व को बचाने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*1052. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक 1057, दिनांक 18 अक्टूबर, 2016 द्वारा जमुई शहर में राजकीय कन्या मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने हेतु अनुरोध किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जमुई शहर में बालिकाओं के लिये एक भी महिला महाविद्यालय नहीं है, जिससे बाध्य होकर सभी बालिकाओं को महाविद्यालय की शिक्षा हेतु जमुई शहर से 15-20 कि0 मी0 पैदल जाना पड़ता है, जिससे उनमें हमेशा असुरक्षा का भय बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जमुई शहर में एक महिला महाविद्यालय की स्थापना करने एवं राजकीय कन्या मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

वर्ग कक्ष का निर्माण

*1053. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पुलपरास प्रखण्ड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, महथौर खूर्द, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, सिजौलिया एवं +2 उच्च विद्यालय, बरही, पुलपरास में शिक्षक एवं वर्ग कक्षों के अभाव के कारण पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों में शिक्षकों के पदस्थापन एवं वर्ग कक्ष निर्माण हेतु कबतक कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

बस उपलब्ध कराना

*1054. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बैरगनियां सामरिक दृष्टिकोण से पड़ोसी देश नेपाल से सटा रहने के कारण अति महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बैरगनियां से सीतामढ़ी मुख्यालय एवं अन्यत्र जाने-आने के लिये कोई समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण ग्रामवासी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बैरगनियां से सीतामढ़ी मुख्यालय एवं अन्यत्र स्थान के लिये बिहार राज्य पथ परिवहन निगम का बस की सुविधा कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रोत्साहन राशि देना

*1055. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत रा०कृ० भारत सेवक समाज उच्च विद्यालय, हरपुर के प्रधानाध्यापक का पत्रांक 176, दिनांक 25 जनवरी, 2016 द्वारा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (लेखा एवं योजना) को सूची के साथ सूचित किया गया कि सत्र 2015 वार्षिक, माध्यमिक परीक्षा में सामान्य जाति के 12 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुये परन्तु उक्त छात्रों को प्रोत्साहन योजना की राशि नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त छात्रों को प्रोत्साहन राशि कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रस्वीकृति देना

*1056. श्री (मो०) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य मदरसा बोर्ड द्वारा 444 नये मदरसों को प्रस्वीकृति देने हेतु प्रति मदरसों से 8,000 रु० फीस के रूप में वर्ष 2014 में जमा करवाया गया था, परन्तु आजतक प्रस्वीकृति नहीं दी गयी, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मदरसों को कबतक प्रस्वीकृति देने का विचार रखती है ?

--------

पढ़ाई प्रारंभ करना

*1057. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के हाई स्कूलों तथा महाविद्यालयों में नाटकों/रंगकर्मी की पढ़ाई प्रारंभ किये जाने का निर्णय/घोषणा सरकार द्वारा की गई है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य के डिप्लोमा/डिग्रीधारी रंगकर्मियों को बहाल कर महाविद्यालय/हाई स्कूल में इसकी पढ़ाई प्रारंभ करने का विचार रखती है ?

## प्राथमिक विद्यालय खोलना

*1058. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखण्ड अधीन धमदाहा पूर्व पंचायत में टोटहा बिन्द टोला में प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने कारण छात्रों को प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पदस्थापन करना

*1059. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सिमरी अंचल अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खन्धरा में श्री रास बिहारी यादव, उप-प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थापित थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि समाहरणालय, बक्सर जिला विकास शाखा के ज्ञापांक 1356, दिनांक 13 दिसम्बर, 2017 द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, बक्सर, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, सिमरी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सिमरी को श्री यादव को स्कूल से अनुपस्थिति के संबंध में जाँच का आदेश दिया गया था, परन्तु बिना जाँच एवं स्पष्टीकरण पूछे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सिमरी द्वारा श्री रास बिहारी यादव को निलम्बित कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उप-प्रधानाध्यापक को अपने पद पर पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## दोषी पर कार्रवाई

*1060. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत रूपौली प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बैरिया का नव-निर्मित भवन जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नव-निर्मित विद्यालय भवन की गुणवत्ता की जाँच करवाकर दोषी पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## शिक्षक की प्रतिनियुक्ति

*1061. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली प्रखण्ड के श्री भुनेश्वर नाथ उच्च विद्यालय, पौनी, हसनपुर में नवीं एवं दसवीं कक्षा के छात्र/छात्राओं की कुल सं० 650 है, जिसमें उर्दू विषय के विद्यार्थियों की संख्या 70 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में पठन-पाठन हेतु मात्र चार कमरे हैं एवं उर्दू विषय के शिक्षक नहीं हैं, जिससे पठन-पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में अतिरिक्त कमरों का निर्माण एवं उर्दू विषय के शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1062. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखंड के परसौनी पंचायत के मान टेगराही गाँव में निर्माणाधीन पोलिटेक्निक कॉलेज के भू-खण्ड से अगस्त, 2016 में बिना विभागीय अनुमति प्राप्त किये विभागीय पदाधिकारियों की मिलीभगत से संवेदक द्वारा 18 आम, 12 महुआ, 2 जामुन 1 आंवला और तीन कोठी बांस के पेड़ काट लिये गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पेंशन की सुविधा उपलब्ध कराना

*1063. श्री नितिन नवीन--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 27 दिसम्बर, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''दस लाख से अधिक लाभुक सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित'' के आलोक में क्या मंत्री, सामाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के लगभग दस पेंशनधारक सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित हैं और बैंक से लेकर प्रखंड के चक्कर काटने को मजबूर हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वंचितों को पेंशन की सुविधा कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

--------

कमरों का निर्माण

*1064. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड में एम०एल० आर्य कॉलेज में 400 (चार सौ) से अधिक छात्र एवं छात्राएँ हैं, इस कॉलेज में डिग्री तक की पढ़ाई मात्र 10 (दस) कमरों में किया जाता है एवं भवन जर्जर है, जिस कारण पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कॉलेज के भवन का जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त 15 कमरों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*1065. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखंड पंचदेवरी के उच्च विद्यालय, पंचदेवरी के परिसर में स्टेडियम नहीं हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय के परिसर में स्टेडियम निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*1066. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत प्रखंड आलमनगर के मध्य विद्यालय, सोनबरसा में वर्ष 2011-2012, 2012-2013 के लिये वर्ग-1 से 8 तक के छात्र/छात्राओं को पोशाक राशि एवं छात्रवृत्ति का भुगतान अभीतक नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार जाँच कराकर उक्त वित्तीय वर्ष के पोशाक एवं छात्रवृत्ति के बकाये राशि का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति करना

*1067. श्री (डॉ०) शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार स्थित कटिहार रेंजर कार्यालय में 10 वनपाल एवं 15 वनरक्षी का पद सृजित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वनपाल के 9 एवं वनरक्षी के 13 पद विगत 2 वर्षों से रिक्त हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त 9 वनपाल एवं 13 वनरक्षी पदों पर कबतक नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षा अनुदेशकों को बहाल करना

*1068. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि उच्चतम न्यायालय केस नं० 32079/2015 के अंतर्गत सभी जिलों में अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों की बहाली होनी थी, परन्तु किशनगंज जिला के अलावे सभी जिलों में बहाली हो चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार किशनगंज जिला में शिक्षा अनुदेशकों को कबतक बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*1069. श्री (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा में स्थित संत कबीर महन्थ विधानन्द महाविद्यालय की स्थापनाकाल (1978) की कार्यवाही पुस्तिका शासी निकाय द्वारा बदलकर फर्जी कार्यवाही पुस्तिका तैयार कर अपने-अपने सगे-संबंधियों की फर्जी नियुक्ति की गई, जिससे उक्त महाविद्यालय में स्थापनाकाल से नियमित रूप से नियुक्त एवं कार्यरत प्रो० (डॉ०) वीरेन्द्र राय सहित अनेकों कर्मियों की नौकरी खतरे में पड़ गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संस्थापक सचिव एवं स्थापनाकाल की कार्यवाही पुस्तिका को बदलने के लिये शासी निकाय अधिकृत नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मामले की उच्चस्तरीय जाँच कराकर प्रभावित कर्मियों को राहत देने एवं दोषी पर कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उच्च विद्यालय की स्थापना

*1070. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के किशनगंज नगर परिषद् अन्तर्गत लगभग 3 लाख की आबादी पर सिर्फ 3 उच्च विद्यालय है, जिसके कारण स्थानीय बच्चे उच्च विद्यालय की शिक्षा से वंचित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नगर परिषद् क्षेत्र अन्तर्गत उच्च विद्यालयों की संख्या में बढ़ोत्तरी कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

वृक्षा रोपण करना

*1071. श्री श्याम रजक--स्थानीय दैनिक सामाचार-पत्र में दिनांक 2 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''नमामि गंगे में मनेर से मोकामा तक लगाये जायेंगे फलदार पौधे'' के आलोक में क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ''नमामि गंगे'' प्रोजेक्ट के अन्तर्गत मनेर से मोकामा तक गंगा नदी के तट पर फलदार पौधे लगाने की योजना है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना के दीघा में उपजने वाले स्वादिष्ट मालदा आम की प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मालदा की प्रजाति को बचाने हेतु उक्त योजना के तहत् बृहत मात्रा में दीघा मालदा आम के पौधों के वृक्षारोपण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शौचालय का निर्माण

*1072. डॉ० फराज फातमी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी प्रखंड में 258 आँगनबाड़ी केन्द्र संचालित है जिसमें से 173 केन्द्र किरायें के मकान में संचालित है तथा 198 केन्द्रों पर शौचालय की व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार 173 आँगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण एवं उक्त शौचालय रहित निर्मित केन्द्रों पर शौचालय का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1073. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत समेली प्रखंड के धर्मपर में गाँधी उच्च विद्यालय का भवन विगत 10 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण छात्रों को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषियों पर कार्रवाई

*1074. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत योगापट्टी प्रखंड के लक्ष्मीपुर में एक बड़े तालाब के चारो तरफ ईंट की दीवाल उठाकर स्टेडियम का निर्माण कर राशि का बंदरबाँट किया गया है, वर्तमान में स्टेडियम के अन्दर तालाब स्थित है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1075. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा प्रखंड में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय विष्णुपट्टी एवं नव सृजित प्राथमिक विद्यालय, दक्षिणी चाँदसराय विद्यालय भवनहीन है, जबकि उक्त दोनों विद्यालयों के लिये भूमि राज्यपाल के नाम निबंधन हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भवनहीन विद्यालय को इस वित्तीय वर्ष में निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मिट्टी भराई करना

*1076. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--.

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव प्रखंड अन्तर्गत नारायणपुर ग्राम में सरकारी बड़ा मैदान है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मैदान में पानी के जमाव के कारण स्थानीय खिलाड़ियों को कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मैदान में मिट्टी भराई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1077. डॉ० मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित सीता देवी जगमोहन साह बालिका उच्च विद्यालय का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय के भवन निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## कानून लागू करना

*1078. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बालू निकासी के काम में लगे मजदूरों एवं नाविकों के सामाजिक एवं पारिवारिक सुरक्षा के लिये राज्य में कोई कल्याणकारी कानून आजादी के बाद से अबतक नहीं बना है जिसे बनाने की माँग बिहार बालू मजदूर एवं नाविक कल्याण संघ (नि०स० 3610/96) ने अपने पत्रांक 07/17, दिनांक 8 सितम्बर, 2017 द्वारा किया है तथा विभागीय प्रधान सचिव ने दिनांक 13 सितम्बर, 2017 को संघ के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के क्रम में इस कानून को बनाने का सकारात्मक आश्वासन भी दिया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बालू निकासी के काम में लगे मजदूरों एवं नाविकों के सामाजिक एवं पारिवारिक सुरक्षा हेतु कल्याणकारी कानून लागू करना चाहती है, हाँ, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## योजना की राशि उपलब्ध कराना

*1079. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 12 जनवरी, 2018 को छपी खबर "दफनाने के लिये कम पड़ गई कफन की राशि" के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में कबीर अंत्येष्टि योजना में पैसा नहीं रहने के कारण मृतक को तत्काल दफन, कफन के लिये तीन हजार रुपये की राशि उपलब्ध नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जिला के पंचायतों को कबीर अंत्येष्टि योजना की राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## ई-लाइब्रेरी चालू करना

*1080. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ महाविद्यालय में सात वर्ष पूर्व ई-लाइब्रेरी के लिये करोड़ों रुपये खर्च किये जाने के बाद भी ई-लाइब्रेरी शुरू नहीं हो सका, जिससे छात्र इस सुविधा से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महाविद्यालय में ई-लाइब्रेरी कबतक चालू कराने का विचार रखती है. ?

-----------

## विद्यालय भवन का निर्माण

*1081. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के ग्राम पंचायत राज भगवानपुर में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, विसम्भरपुर, भवनहीन है, जिसे सामुदायिक भवन में संचालन किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के भवन निर्माण हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्वशिक्षा अभियान, प० चम्पारण बेतिया ने अंचलाधिकारी नौतन से पत्रांक-एस०एस०ए०/सिविल/1715 दिनांक 6 अक्तूबर, 2017 द्वारा खाता संख्या 14 खेसरा 341, रकबा 0-4-11 धुर मौजा विसम्भरपुर के भूमि का अनापत्ति प्रमाण-पत्र की माँग की है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन विहीन विद्यालय के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

4 /

कार्रवाई करना

*1082. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव में NTPC स्थित है जिसकी बिजली उत्पादन क्षमता 2840 मेगावाट है, बिजली उत्पादन से क्रम में Boiler से भारी मात्रा में कोयले की राख पानी के साथ निकलता है, जो सैंकड़ों एकड़ भूमि में जमा होता है, जिससे भूमि बंजर होती जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि जल मिश्रित राख के सूख जाने के बाद तेज हवा के चलने से 4-5 कि०मी० की परिधि तक धूलकण के उड़ने से करीब 15 छोटे और बड़े गाँवों में प्रदूषण फैलता है, जिससे NTPC के बगबा के गाँवों में रहने वाले लोगों में श्वांस की बीमारी बढ़ गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रदूषण रोकने हेतु ठोस कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है ?

------------

वेतन का भुगतान

*1083. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा समेत राज्य के 22 संग्रहालयों में सुरक्षा कर रहे 98 सुरक्षाकर्मियों को पिछले 19 माह से वेतन नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त संग्रहालयों के सुरक्षा कर्मियों को कबतक वेतन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

केन्द्र खोलना

*1084. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं को खेल का विशेष प्रशिक्षण देने हेतु एकलव्य केन्द्र नहीं होने के कारण उभरते स्कूली खिलाड़ियों को स्तरीय प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है यदि हाँ, तो सरकार कटिहार नगर में एकलव्य केन्द्र कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

आँगनबाड़ी केन्द्र की स्थापना

*1085. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली प्रखंड के चकअल्हदाद पंचायत के वार्ड संख्या 6 में आँगनबाड़ी केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत के वार्ड संख्या 6 में आँगनबाड़ी केन्द्र की स्थापना कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*1086. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत सहार प्रखण्ड के प्रखण्ड कार्यालय में आवासीय विद्यालय एवं चहारदीवारी का निर्माण कार्य शिक्षा विभाग के द्वारा कराया जा रहा है, परन्तु अभीतक अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आवासीय विद्यालय एवं चहारदीवारी का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*1087. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के हरसिद्धि प्रखण्ड अन्तर्गत मठ लोहियार, वार्ड सं० 8 में वर्ष 2014 में विद्यालय का सृजन हुआ परन्तु आजतक भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण पेड़ के नीचे कक्षा संचालित होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय के बगल में 10 एकड़ जमीन राम-जानकी मठ का उपलब्ध है तथा मठ के संचालक विद्यालय हेतु भूमि देने के लिये तैयार हैं, परन्तु अंचलाधिकारी, हरसिद्धि के लापरवाही के कारण भूमि उपलब्ध नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त भूमि उपलब्ध कराकर वर्णित विद्यालय भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन निर्माण पूर्ण कराना

*1088. डॉ० रंजु गीता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड स्थित नोपानी उच्च विद्यालय, बाजपट्टी का मॉडल विद्यालय भवन निर्माण कार्य 2 वर्ष पूर्व प्रारम्भ किया गया था, परन्तु संवेदक द्वारा वर्णित मॉडल विद्यालय भवन को अर्द्ध-निर्मित छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित मॉडल विद्यालय का भवन निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

बस सेवा उपलब्ध कराना

*1089. श्री अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा से पूर्णियाँ, बीरपुर, मधुबनी, दरभंगा, कुशेश्वर स्थान, पटना मुजफ्फरपुर आदि स्थानों पर आवागमन हेतु परिवहन सेवा उपलब्ध नहीं रहने के कारण आम लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों के लिये सरकारी बस सेवा कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*1090. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-कुम्माँ एवं ग्राम-मलाही में प्राथमिक विद्यालय हैं, परन्तु उक्त ग्रामों के छात्रों को उच्च विद्यालय में पठन-पाठन के लिये 5 कि० मी० की दूरी तय करके अन्यत्र स्थानों पर जाना पड़ता है, जिससे कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*1091. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखण्ड के धबौली दक्षिणी पंचायत के चकाराही महादलित टोला के नव-सृजित प्राथमिक विद्यालय में वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 से प्रधानाध्यापक द्वारा छात्रों के बीच मिड डे मिल एवं पोशाक राशि का वितरण नहीं किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के नाम पर प्रधानाध्यापक द्वारा राशि की निकासी कर ली गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नव-सृजित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा मिड डे मिल एवं पोशाक राशि में बरती गई अनियमितता की उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि का भुगतान

*1092. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार एवं सोनबरसा प्रखण्ड अन्तर्गत क्रमश: 23,287 एवं 12,846 लोगों को 2016 तक वृद्धा, लक्ष्मीबाई, विकलांग पेंशन का लाभ मिलता था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017 के दिसम्बर तक परिहार प्रखण्ड में मात्र 12,000 एवं सोनबरसा में 7,000 लोगों के सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि इनके खाते में दी जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाकी बचे पेंशनधारियों को पेंशन की राशि उनके खातों में कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्राचार्य नियुक्त करना

*1093. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत राजकुमार शुक्ल महाविद्यालय, सतवरिया, चनपटिया में दो प्राचार्यों के विवाद के कारण बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के पत्रांक बी०एस०ई०बी० (एस०एस०) Coll-EStab/7982, दिनांक 1 दिसम्बर, 2015 द्वारा त्रिसदस्यीय जाँच समिति गठित कर जाँच करवाया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि जाँच प्रतिवेदन के आधार पर पूर्व से कार्यरत प्राचार्य प्रो० रमेश प्रसाद को समिति के पत्रांक बी०एस०ई०बी० (एस०एस०) Coll-E Stab/81057/D-16, दिनांक 18 जनवरी, 2016 द्वारा विधि-सम्मत राय आने तक प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्य करने के लिये आदेशित किया गया था, परन्तु बोर्ड द्वारा अभीतक विधि-सम्मत राय लेने एवं स्थायी रूप से प्राचार्य नियुक्त करने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गयी;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त महाविद्यालय में कबतक स्थायी रूप से प्राचार्य नियुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मानक सुनिश्चित करना

*1094. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णय के आलोक में राज्य के सभी प्रखण्डों में एक-एक आदर्श मध्य विद्यालय का भवन तैयार हो गया है, लेकिन मानक सुनिश्चित नहीं होने से आदर्श मध्य विद्यालय महत्वहीन हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों का मानक कबतक सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

शिक्षक की प्रतिनियुक्ति

*1095. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अंतर्गत श्री गाँधी उच्च विद्यालय, परिहार में 10+2 की विज्ञान संकाय में 120 छात्र नामांकित हैं, परन्तु विज्ञान विषय के एक भी शिक्षक विद्यालय में नहीं हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में कबतक विज्ञान विषय के शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्टेडियम का निर्माण

*1096. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहाँ विधान सभा अंतर्गत बोचहाँ प्रखण्ड में युवाओं, छात्राओं के खेल में विकास हेतु स्टेडियम नहीं है, जबकि उक्त प्रखण्डान्तर्गत रोहुआ पंचायत में स्टेडियम निर्माण हेतु सरकारी जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार बोचहाँ प्रखण्ड में स्टेडियम निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*1097. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखण्ड गोरेया कोठी के बिन्दवल एवं मुस्तफाबाद में मध्य विद्यालय है, परन्तु माध्यमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्र/छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों मध्य विद्यालयों को माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय का पुनः नामाकरण

*1098. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखण्डान्तर्गत पिपरा पंचायत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय नामाकरण प्रावधान के अनुसार भूमिदाता के नाम पर विद्यालय का नामाकरण नहीं किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का नामाकरण भूमिदाता सरयू सिंह के नाम पर कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

महाविद्यालय स्थापित करना

*1099. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत 10 लाख की आबादी वाले शेरघाटी अनुमण्डल में तकनीकी शिक्षा हेतु सरकारी महाविद्यालय नहीं है जिस कारण छात्रों को दूर जाकर तकनीकी शिक्षा ग्रहण करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार शेरघाटी अनुमण्डलीय मुख्यालय में तकनीकी शिक्षा हेतु महाविद्यालय स्थापित करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय की स्थापना

*1100. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखण्ड में बालिका उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्राओं को 25 कि0मी0 दूरी तयकर जिला मुख्यालय, भोजपुर में शिक्षा ग्रहण करने के लिये जाना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि गड़हनी प्रखण्ड के पड़ाव पर सरकारी भू-खण्ड उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सरकारी भू-खण्ड पर बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

डिग्री कॉलेज खोलना

*1101. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहाँ विधान सभा अन्तर्गत छात्र/छात्राओं की शिक्षा हेतु एक भी डिग्री कॉलेज नहीं रहने के कारण इस क्षेत्र के अधिकांशतः छात्र/छात्राएँ उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र में कबतक डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का जीर्णोद्धार

*1102. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के पीपरा खेम पंचायत में अवस्थित राजकीयकृत उच्च विद्यालय पीपरा खेम का भवन विगत 35 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण छात्र एवं छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*1103. श्री (मो०) तौसिफ आलम--स्थानीय दैनिक सामाचार-पत्र में दिनांक 27 दिसम्बर, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''9 वर्षों में भी पूरा नहीं हो सका इंडोर स्टेडियम का निर्माण'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाछ प्रखंड में 9 साल पूर्व इंडोर स्टेडियम का निर्माण शुरू किया गया था, परन्तु अभीतक अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधूरे इंडोर स्टेडियम का निर्माण कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बस उपलब्ध कराना

*1104. डॉ० रंजु गीता--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी विधान सभा के प्रखंड बोखड़ा के चकौती भाया बुधनगर, रायपुर से रून्नीसैदपुर होते हुये सीतामढ़ी जाने हेतु परिवहन विभाग की सरकारी बस नहीं चलती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित सड़क मार्ग पर सरकारी बस मुहैया कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिक्षकों की नियुक्ति

*1105. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के महथौल, घोड़बंकी, चानन एवं गौस नगर मध्य विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत एवं उर्दू विषयों के शिक्षकों की कमी रहने के कारण संबंधित विषय में छात्रों की पढ़ाई नहीं हो पाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति कर कबतक पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## आँगनबाड़ी केन्द्र की स्थापना

*1106. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखंड के अंडीडीह गाँव में आँगनबाड़ी केन्द्र नहीं रहने के कारण उक्त ग्रामीणों के बच्चों को पोषणहार आदि उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में जनसंख्या के आधार पर आँगनबाड़ी केन्द्र की स्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## छात्रावास का निर्माण

*1107. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड समस्तीपुर के ग्राम-विशनुपुर स्थित राजकीय कल्याण छात्रावास वर्ष 2008 से संचालित था, परन्तु पिछले 7 वर्षों से बन्द है, जिसके कारण स्थानीय छात्रों को अध्ययन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त छात्रावास भवन का नये सिरे से निर्माण कराकर कबतक संचालित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## राशि का भुगतान

*1108. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंडान्तर्गत जाले उत्तरी पंचायत स्थित जाले हाई स्कूल, जाले अनुदान के सहारे चल रहा है, जबकि वित्तीय वर्ष 2009-10 से अनुदान की राशि बकाया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय का सरकारीकरण करते हुये बकाये अनुदान की राशि का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## स्टेडियम का निर्माण

*1109. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखंड के बलुअन सागर समीप गंगाजली खेल मैदान स्थित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बुनियादी केन्द्र खोलना

*1110. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत दिव्यांगों, वृद्धजनों एवं विधवाओं की सुविधा हेतु बेतिया सदर एवं मझौलिया प्रखंड मुख्यालय में वित्तीय वर्ष 2017-18 में बुनियादी केन्द्र खोलने की योजना स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्र के माध्यम से मोबाईल थेरेपी वैन (एम0टी0वी0) संचालित कर दिव्यांगों, वृद्धजनों एवं विधवाओं की कांउसेलिंग करायी जायेगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त बुनियादी केन्द्र कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषियों पर कार्रवाई

*1111. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखंड के पिड़ासीन, घिरसिन्डी सहित दर्जनों बालू घाट से दबंगों द्वारा गेट पास के नाम पर बालू की रॉयल्टी विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से जबरन वसूली जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार नाजायज ढंग से रॉयल्टी वसूल करने वाले दोषियों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*1112. श्री अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के पीरपरपौंती एवं वीखर गाँव की आबादी लगभग तीन-तीन हजार है परन्तु दोनों गाँव में सरकारी विद्यालय नहीं रहने के कारण स्थानीय छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों गाँव में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बालू उपलब्ध कराना

*1113. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना, स्थानीय शहरी एवं पंचायती राज से जुड़ी मुख्यमंत्री सात निश्चय गली, नली योजना का निर्माण कार्य बालू के अभाव में बंद है जिससे विकास कार्य बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बालू उठाव की जटिल प्रक्रिया एवं विभागीय असहयोग के कारण संवेदकों को निर्माण कार्य में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बालू उठाव की प्रक्रिया को सरल कर निश्चित अवधि के अन्दर कबतक संवेदकों को बालू उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## तदर्थ समिति पर कार्रवाई करना

*1114. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत वीर कुँवर सिंह कॉलेज, आरा के तदर्थ समिति (प्राचार्य, सचिव एवं शासी निकाय) द्वारा संबंधित विश्वविद्यालय एवं अनुमंडलाधिकारी के अनुमोदन के बिना ही दिनांक 1 जुलाई, 2014 से कॉलेज का प्रशासनिक एवं वित्तीय संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलेज में निगरानी जाँच के उपरान्त निगरानी विभाग द्वारा कांड सं0 72/16 में 5 व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया जिसमें वर्णित तदर्थ समिति के सचिव सुरेन्द्र सिंह सहित दो व्यक्ति पर कांड सं0 68/17, दिनांक 1 अगस्त, 2017 के तहत आरोप पत्र का गठन किया गया एवं आरोप पत्र गठन होने के पश्चात् भी सुरेन्द्र सिंह द्वारा दिनांक 18 अगस्त, 2017 को कॉलेज खाते का संचालन किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित शेष व्यक्तियों पर आरोप-पत्र गठन करने एवं अवैध संचालन के लिये तदर्थ समिति पर कबतक कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## औचित्य बताना

*1115. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत मदरसा महमुदिया, सीमरीया, थाना-कजरैली के प्रधानाध्यापक के विरुद्ध फर्जी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र के सत्यापन के बाद विधिवत कार्रवाई करवाने हेतु विभागीय पत्रांक 1321, दिनांक 27 नवम्बर, 2017 द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, भागलपुर को निदेश दिये जाने के बावजूद अबतक कोई कार्रवाई प्रधानाध्यापक के विरुद्ध नहीं की गई है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

## स्टेडियम का निर्माण

*1116. श्री विजय कुमार विजय--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम नहीं, है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मुंगेर जिला में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## चार वर्ग कक्ष का निर्माण

*1117. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले प्रखंड के सहसपुर पंचायत के चन्दौना गाँव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चन्दौना बालक में विद्यालय कार्यालय, कक्ष समेत कुल पाँच कक्ष हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय परिसर में पूर्व का एक जर्जर भवन है जिसमें वर्तमान में पढ़ाई नहीं होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जर्जर भवन के स्थान पर चार अतिरिक्त नये कक्ष कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिक्षक की प्रतिनियुक्ति

*1118. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग के ज्ञापांक-1068, दिनांक 22 सितम्बर, 2016 में विनिर्दिष्ट अनुदेशों का उल्लंघन करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली के द्वारा श्री नलिन कुमार शुक्ला, लिपिक, उच्च विद्यालय चाँदी, हाजीपुर, मो0 नसीम अख्तर रजा, सहायक शिक्षक उच्च मध्य विद्यालय खुरौना, लालगंज एवं अन्य चार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति बिना विभागीय अनुमति के तीन माह पूर्व परीक्षा कार्य में सहयोग हेतु लगाया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

-------

भवन का निर्माण

*1119. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के उप-सचिव का ज्ञापांक-06/वि09-53/2016, दिनांक 9 फरवरी, 2017 के आदेश के आलोक में राज्य के सभी भवनहीन/भूमिहीन विद्यालयों का संविलयन किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ऐसे भवनहीन/भूमिहीन विद्यालयों के अन्य विद्यालयों के साथ संविलयन के कारण छात्र/छात्राओं को परेशानी हो रही है तथा विद्यालयों में उपस्थिति कम हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आदेश को निरस्त करते हुए भूमिहीन/भवनहीन विद्यालयों के स्वीकृत स्थान पर ही विद्यालयों के भवन निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

उच्च विद्यालय खोलना

*1120. डॉ0 शमीम अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखण्ड अंतर्गत जनरेवा पंचायत के ग्राम जनरेवा अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र के बावजूद अल्पसंख्यक उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्रों को 10 कि0 मी0 की दूरी तय कर अन्यत्र स्थानों पर शिक्षा ग्रहण करने हेतु जाना पड़ता है, जबकि उक्त ग्राम में सरकारी भूखण्ड उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में अल्पसंख्यक उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

योग शिक्षा सम्मिलित करना

*1121. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के विश्वविद्यालयों में योग शिक्षा की पढ़ाई नहीं होने के कारण प्रत्येक वर्ष हजारों छात्र का देश के अन्य राज्यों के विश्वविद्यालयों की ओर पलायन करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार बिहार के विश्वविद्यालयों में योग शिक्षा को कबतक शामिल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कॉलेज खोलना

*1122. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नबीनगर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बी0 एड0 कॉलेज नहीं है, जिसके कारण बच्चों को बी0 एड0 की पढ़ाई के लिए क्षेत्र से बाहर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र में कबतक बी0 एड0 कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*1123. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत सोनपुर प्रखण्ड के कसमर पंचायत के रमसापुर गाँव स्थित मध्य विद्यालय, रमसापुर उच्च विद्यालय में उत्क्रमण की सभी अर्हताओं को पूरी करता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1124. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कुर्सेला प्रखण्ड में स्थित अयोध्या उच्च विद्यालय का भवन विगत 10 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में नया भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

छात्रवृत्ति दिलाना

*1125. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, अनुसुचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति, जन-जाति के छात्रों को छात्रवृत्ति के जगह स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से चार लाख तक का लोन देने का प्रावधान है, परन्तु स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड द्वारा मात्र कुछ छात्रों को ही लाभान्वित किया जा सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार तकनीकी संस्थाओं में पढ़ने वाले छात्रों सहित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति छात्रों की छात्रवृत्ति पूर्व की तरह देने का विचार रखती है ?

विद्यालय की स्थापना

*1126. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के लकड़ी नबीगंज प्रखण्ड स्थित पड़ौली पंचायत के ग्राम-चनुआ एवं जगतपुर के आनन्द टोला में प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जिसके कारण उक्त गाँवों के छात्र/छात्राओं को पढ़ाई के लिये दूसरे गाँव में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों गाँव में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण करना

*1127. श्री (मो०) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत माँझा प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गद्दी टोला में भवन के अभाव में छात्र/छात्राओं का पठन-पाठन का कार्य प्रभावित है, उक्त विद्यालय के भवन निर्माण के लिये वर्ष 2016-17 में राशि आवंटित की गयी थी, परन्तु बिना भवन निर्माण के राशि वापस कर दी गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित विद्यालय को पुन: राशि आवंटित कराकर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान की राशि प्रदान करना

*1128. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के सभी वित्तरहित शिक्षण संस्थानों को लगभग 11 वर्षों से अनुदान की राशि नहीं मिली है, जिसके कारण उनके समक्ष आर्थिक कठिनाई उत्पन्न हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार चालू वित्तीय वर्ष में अनुदान की राशि वित्तरहित शिक्षण संस्थानों को देने का विचार रखती है ?

-------

रोक लगाना

*1129. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार लघु खनिज नियमावली, 2017 राज्य में 10 अक्टूबर, 2017 से लागू है की कंडिका 23 में बालू घाटों से बालू का उत्खनन अभिमानत: शारीरिक श्रमिक (मजदूर) के जरिये कराने तथा किसी मशीन अथवा उपस्कर को सामान्यत: उत्खनन के लिये अनुमति नहीं देने की बात दर्ज है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आये दिन इसका उल्लंघन करते हुये पटना जिला के परेव, भोजपुर के कोईलवर आदि अन्य बालू घाटों पर मशीनों से बालू निकासी का कार्य जारी है, जिसके कारण बालू मजदूर न नाविक पलायन करने व कम मजदूरी पर काम करने को मजबूर हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बालू निकासी के काम में लगे मजदूरों एवं नाविकों के रोजगार सुरक्षा हेतु मशीनों से बालू निकासी करने पर सख्ती से रोक लगाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पद से मुक्त करना

*1130. श्री मुनेश्वर चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्री राज किशोर सिंह, पूर्व जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, गोपालगंज संप्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण, छपरा द्वारा विभागीय दिशा-निदेशों के प्रतिकूल कार्य करने के आरोप में जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोपालगंज ने अपने पत्रांक 272, दिनांक 20 जून, 2015 द्वारा श्री सिंह के विरुद्ध प्रपत्र 'क' गठित करते हुये अग्रेत्तर कार्रवाई करने हेतु निदेशक, प्रशासन-सह-अपर सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को अनुशंसा की थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री सिंह द्वारा सरकारी सेवक आचार संहिता/नियमावली के नियमों के उल्लंघन के कारण जिला पदाधिकारी, गोपालगंज ने अपने पत्रांक 2836, दिनांक 16 अक्टूबर, 2015 द्वारा श्री सिंह के विरुद्ध अनुशासिक कार्रवाई करने हेतु प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग को पत्र लिखा था ;

(3) क्या यह बात सही कि श्री सिंह के खिलाफ बिना कार्रवाई किये ही वर्ष 2017 में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण के पद पर प्रोन्नति देते हुये पदस्थापन किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पत्रों के आलोक में श्री सिंह के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण के पद से कबतक मुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*1131. डॉ० शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखण्ड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, निस्ता को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित नहीं किया गया है, जबकि उत्क्रमित करने हेतु उक्त मध्य विद्यालय सभी अर्हताएँ पूरा करता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में कबतक उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1132. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड के राजकीय बुनियादी विद्यालय, मौंची, भेडारी का नया भवन निर्माण का शिलान्यास दिनांक 5 फरवरी, 2015 को सर्व-शिक्षा अभियान के तहत हुआ था जहाँ 350 छात्र/छात्राएँ जर्जर भवन में पठन-पाठन कर रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय का भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1133. श्री कुमार सर्वजीत--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 24 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''बालू और पत्थर पर रोक से छः जिलों की घटी आमदनी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में भोजपुर, नालन्दा, बक्सर, कैमूर, पटना तथा रोहतास जिलों में बालू, पत्थर और ईंट, भट्ठे पर अंकुश के कारण निर्धारित लक्ष्य के आधा भी राजस्व की प्राप्ति नहीं हुयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छः जिलों में बालू, पत्थर और ईंट, मिट्टी से वित्तीय वर्ष 2017-18 में कुल 445 करोड़ राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अबतक मात्र 118 करोड़ की राजस्व की प्राप्ति हुयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार शत-प्रतिशत राजस्व प्राप्ति हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सेवाकाल बढ़ाना

*1134. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कॉलेज के प्राध्यापकों की सेवानिवृत्ति उम्र 65 वर्ष है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कॉलेज के प्रोफेसरों की तरह प्राथमिक, मध्य एवं उच्च शिक्षाकर्मियों की सेवाकाल 65 वर्ष करने का विचार रखती है ?

--------

भवन का निर्माण

*1135. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर ने अपने ज्ञापांक 6/09 अ०क० 277, दिनांक 29 अगस्त, 2017 द्वारा प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना से जिला मुख्यालय, समस्तीपुर में अवस्थित मोडल इन्टरमीडिएट विद्यालय के भू-खण्ड में से 50 डी० में अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास भवन निर्माण हेतु विभागीय अनुमति मांगा है जो अभीतक अप्राप्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त छात्रावास भवन निर्माण की अनुमति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*1136. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सुगौली एवं रामगढ़वा प्रखंडों में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का पद लगभग एक वर्ष से रिक्त रहने के कारण प्रभारी पदाधिकारियों द्वारा आँगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन एवं पर्यवेक्षण कार्य सही ढंग से नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के रिक्त पदों पर कबतक पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रदर्शित करना

*1137. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत उदयपुर वनाश्रयी के 37 प्रजातियों के पौधों का अध्ययन बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया, कोलकता द्वारा दिसम्बर, 2017 में कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पहचान किये गये सभी पौधों पर उसके नाम का नेम प्लेट लगाकर उनकी विशेषताओं के बारे में उल्लेख किया जाना है, जो अभीतक नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वनाश्रणी, उदयपुर के चिन्हित पौधों की उपयोगिता का नेम प्लेट पर प्रदर्शित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सौन्दर्यीकरण करना

*1138. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर विधान सभा क्षेत्र एवं जन्दाहा प्रखंड के बुचौली स्थित बरैला झील हजारों एकड़ में अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि झील में पचास साल पहले से साइबेरियन पक्षी ठंड के दिनों में आकर मार्च, अप्रील तक लाखों की संख्या में प्रवास करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त झील का सौन्दर्यीकरण एवं पक्षी बिहार कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषियों पर कार्रवाई

'क'-*1139. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 3 फरवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''कस्तुरबा स्कूल के निरीक्षण में अनियमितता उजागर, नाराजगी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के आवासीय कस्तुरबा गाँधी विद्यालय में कमरों की सफाई एवं भोजन में अनियमितता उजागर हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अनियमितता की जाँच कराकर दोषियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रभार देना

*1140. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत नौबतपुर प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय, दरियापुर-1 के प्रभारी शिक्षक के पद पर शारीरिक शिक्षक प्रतिनियुक्त हैं, जो कि नियम विरुद्ध है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित विद्यालय में नियमाकुल प्रभारी शिक्षक का प्रभार किसी अन्य शिक्षक को कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्त करना

*1141. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि यांत्रिक अभियंत्रण एवं असैनिक अभियंत्रण, संकाय में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु बिहार लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या 22/2014 एवं 20/2014 के अन्तर्गत अनुशंसित उम्मीदवारों की सूची विभागीय पत्रांक वि०प्रा० (1) नियुक्ति 2/2017-2782 पटना, दिनांक 24 नवम्बर, 2017 द्वारा प्रकाशित की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भारत के राजपत्र असाधारण अंक संख्या 175, दिनांक 28 अप्रील, 2017 के पृष्ठ 36 पर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा मेकेनिकल इंजीनियरिंग (इनर्जी सिस्टम एंड मैनेजमेंट) की डिग्री को मेकेनिकल इंजीनियरिंग के अन्तर्गत अधिसूचित किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि इनर्जी सिस्टम एण्ड मैनेजमेन्ट से मेकेनिकल इंजीनियरिंग डिग्रीधारी अभ्यर्थी को बी०पी०एस०सी० द्वारा खंड (1) में वर्णित विज्ञापन के अधीन नियुक्ति हेतु अनुशंसा किये जाने के बावजूद विभाग द्वारा सहायक प्राध्यापक के पद पर उन्हें नियुक्त नहीं किया जा रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकारा विज्ञापन संख्या 22/2014 एवं 20/2014 में बी०पी०एस०सी० द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों को संबंधित संकाय में नियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के पत्रांक 531, दिनांक 27 फरवरी, 2018 द्वारा शिक्षा विकास विभाग में स्थानान्तरित ।

इस्तेमाल करना

*1142. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के सरकारी विद्यालयों में स्कूल ड्रेस के रूप में हेण्डलूम/पावरलूम से तैयार कपड़ों का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार हेण्डलूम/पावरलूम को प्रोत्साहन एवं विकास हेतु विद्यालयों में पोशाक योजना अंतर्गत हेण्डलूम/पावरलूम से तैयार कपड़ों का इस्तेमाल करने का विचार रखती है ?

-----------

वर्ग कक्ष का निर्माण

*1143. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत एस०एस० बालिका इण्टर स्कूल, नाथनगर (भागलपुर) नामांकित छात्राओं के अनुपात: में वर्ग कक्ष की संख्या कम है, जिसके कारण छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाइयाँ होती हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्कूल में अतिरिक्त वर्ग कमरे का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्रवाई करना

*1144. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी प्रखण्ड के प्राथमिक विद्यालय चकबल्ली का निरीक्षण प्रश्नकर्ता सदस्य एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा दिनांक 17 मई, 2016 को प्रात: 9.00 बजे की गई;

(2) क्या यह बात सही है कि निरीक्षण के क्रम में मध्याह्न भोजन व्यय विवरणी पंजी 13 मई, 2016 से 17 मई, 2016 तक संधारित नहीं था;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बरौनी के ज्ञापांक 164, दिनांक 17 मई, 2016 के द्वारा प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, बरौनी को कार्रवाई हेतु सूचना देने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी पदाधिकारी पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

आँगनबाड़ी केन्द्र संचालित करना

*1145. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अंतर्गत ब्रह्मपुर प्रखण्ड के नैनीजोर दक्षिणी पंचायत के स्थित वार्ड सं० 5 केन्द्र सं० 70 के आँगनबाड़ी केन्द्र का संचालन आँगनबाड़ी सेविका रूबी देवी द्वारा महादलित बस्ती में निर्धारित स्थान पर न करके अपने घर पर करती है, जिसके कारण उक्त निर्धारित स्थान के बच्चे सेविका के घर पर संचालित केन्द्र पर नहीं आ पाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार आँगनबाड़ी केन्द्र सं० 70, को निर्धारित स्थान पर कबतक संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

भवन का निर्माण

*1146. श्री (डॉ०) विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आसम प्रखण्ड के अनुग्रह नारायण सहदेव +2 उच्च विद्यालय, सुग्गी में कार्यालय सहित कक्षा का संचालन 3-4 कमरों में होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय का समुचित भवन नहीं रहने से छात्र-छात्राओं को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युत खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बस चलाना

*1147. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रोहतास नौहट्टा प्रखंड डेहरी से 120 कि०मी० की दूरी पर अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि राजा हरिश्चन्द्र के पुत्र रोहित के नाम पर विख्यात रोहितासगढ़ किला को देखने के लिये हजारों पर्यटक बिहार के कोने से आते हैं, परन्तु पटना से उक्त स्थान तक जाने के लिये परिवहन निगम की बस का परिचलन नहीं होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यदुनाथपुर से डेहरी होते पटना तक परिवहन निगम की बस कबतक चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

औचित्य बताना

*1148. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड के कॉलेज चौक के पास स्थित बहादुरगंज कॉलेज में प्रबंधन समिति में क्षेत्रीय विधायक को सदस्य नहीं बनाया गया है जिसके कारण उक्त कॉलेज के प्राचार्य एवं कर्मचारी मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उक्त कॉलेज में उक्त गठित समिति में क्षेत्रीय विधायक को सदस्य नहीं बनाने का क्या औचित्य है ?

-----------

उत्क्रमित करना

*1149. श्री श्याम बाबु प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया प्रखण्ड अंतर्गत हरदीयाबाद पंचायत में मध्य विद्यालय परसौनी किशुन से 5 कि०मी० के बीच में कोई उच्च विद्यालय नहीं, है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में कबतक उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्रवाई करना

*1150. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बेतिया प्रखंड के आँगनबाड़ी केन्द्र संख्या 30 के पोषाहार को अक्टूबर, 2017 से अगले आदेश तक बंद करने का आदेश महिला एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बेतिया ने अपने ज्ञापांक 94/बा० वि०, दिनांक 30 अगस्त, 2017 से दी है;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में निदेशालय, आई०सी०डी०एस० पटना ने अपने ज्ञापांक ICDS/40010/2-2011 (खण्ड-1)/4360, दिनांक 19 दिसम्बर, 2017 से निर्देशित किया है कि प्रत्येक आँगनबाड़ी केन्द्रों पर एक साल में 300 दिनों तक पूरक पोषाहार की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विभागीय आदेश का अवहेलना कर उक्त केन्द्र के पोषाहार अगले आदेश तक बंद करने के लिये दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

क्रीमीलेयर की बाध्यता समाप्त करना

*1151. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्ष 2005 के पूर्व अभ्यर्थियों के नियुक्तियों एवं नामांकनों में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग को बिना क्रीमीलेयर प्रमाण-पत्र के आधार पर आरक्षण का लाभ दिया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्यस्तरीय नौकरियों एवं नामांकनों में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को क्रीमीलेयर की बाध्यता 2005 के पूर्व नहीं थी, परन्तु राज्य नियुक्तियों/नामांकन में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से क्रीमीलेयररहित प्रमाण-पत्र वर्ष 2005 से भेजा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य नियुक्तियों एवं नामांकन में क्रीमीलेयर की बाध्यता को समाप्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

दोषी पर कार्रवाई

*1152. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है जमुई जिला के बरहट प्रखण्ड अन्तर्गत देवाचर स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय का भवन निर्माण कार्य वर्ष 2015-16 से ही चल रहा है, जिससे प्राक्कलन के अनुसार निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थानीय नागरिकों यथा श्री संतोष कुमार आनन्द एवं अन्य द्वारा भवन निर्माण कार्य में की जा रही अनियमितता से सम्बन्धित शिक्षा पदाधिकारी को परिवाद पत्र अप्रील, 2017 में दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त उत्क्रमित विद्यालय का भवन निर्माण कार्य की जाँच कराकर दोषियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

फिटनेस सेन्टर खोलना

*1153. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कॉमर्शियल वाहनों के आधुनिक फिटनेस जाँच की व्यवस्था नहीं रहने के कारण प्राइवेट फिटनेस सेन्टर द्वारा मनमाना रूप से अनफिट वाहनों को धड़ल्ले से फिटनेस सार्टिफिकेट उपलब्ध करा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिला मुख्यालय में आधुनिक ऑटोमेटिक फिटनेस सेन्टर कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

यात्री सुविधा उपलब्ध कराना

*1154. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय स्थित सरकार बस पड़ाव से सरकार को समुचित राजस्व उगाही के बावजूद यात्रियों के लिये मूलभूत सुविधाओं यथा शौचालय, पर्याप्त लाइटिंग तथा ठहरने के इंतजाम का अभाव है, यदि हाँ, तो सरकार बेगूसराय स्थित बस पड़ाव में यात्री सुविधा कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## छात्रावास का निर्माण

*1155. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखण्ड में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के लिये आवासीय विद्यालय नहीं होने के कारण निर्धन छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा आवासीय छात्रावास का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## कार्रवाई करना

*1156. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में हथुआ विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत सभी उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विगत 10 वर्षों से न तो विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई है, न ही प्राप्ति एवं खर्च किये गये सरकारी राशि का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## शिक्षकों की नियुक्ति

*1157. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, रूपेठा, करगहर एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुरसा, कोचस में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई है, जिसके कारण छात्रों का पठन-पाठन का कार्य अवरुद्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों उच्च विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पेंशन का भुगतान

*1158. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा अन्तर्गत शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक सेवानिवृत्त कर्मियों को विगत 6 माह से पेंशन का भुगतान नहीं होने से पेंशनरों को असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पेंशनधारियों को नियमित पेंशन का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## कार्रवाई करना

*1159. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है सेवा पुस्तिका एक महत्वपूर्ण सरकारी अभिलेख है और सरकारी अभिलेख चोरी/गायब होने पर प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद ही उसका पुन: संधारण किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत वेतनमान निर्धारण हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना, मुजफ्फरपुर के कार्यालय में नियोजित शिक्षकों द्वारा जमा करायी गयी सेवा पुस्तिका में से सैंकड़ों सेवा पुस्तिका चोरी/गायब हो गई थी;

(3) क्या यह बात सही है कि जिन शिक्षकों की सेवा पुस्तिका गायब हो गई थी, उनकी द्वितीय सेवा पुस्तिका खोलने हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना ने अपने पत्रांक 3079,3080,3081,3082,3083,3084,3085, दिनांक 13 जून, 2017 तथा पत्रांक 3117,3118,3119,3120,3121,3122,,3123,3124,3125,3126,3129,3130,3131,3132, दिनांक 16 जून, 2017 के माध्यम से विभिन्न प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश दिया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बिना प्राथमिकी दर्ज कराये दूसरी सेवा पुस्तिका खोलने का आदेश देनेवाले पदाधिकारी के विरुद्ध सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिक्षा प्रदान करना

*1160. श्री नितिन नवीन--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 अगस्त, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''2,100 उत्क्रमित हाई स्कूलों में नहीं है हेडमास्टर'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 2,100 उत्क्रमित हाई स्कूलों में प्रधानाध्यापक एवं विषयवार शिक्षक न होने से यहाँ पढ़ने वाले बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार उत्क्रमित हाई स्कूलों में प्रधानाध्यापक एवं विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति कबतक कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का विचार रखती है ?

--------

पेंशन संशोधन करना

*1161. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला में 1974 ई० में बी०ए० प्रशिक्षित शिक्षकों की वरीयता सूची के आलोक में पटना उच्च न्यायालय द्वारा सी०डब्लू०जे०सी० 141/78 में पारित आदेश के आलोक में वरीयता सूची के क्रमांक 13 से 23 तक के शिक्षकों को बी०ए० प्रशिक्षित का स्केल देकर प्रधानाध्यापक बना दिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सूची में से वरीयता क्रम 16 पर रहे श्री राधेश्याम पाठक सहायक शिक्षक को तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी के पूर्वाग्रह के कारण उक्त लाभ से वंचित रह गये ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त आदेश के आलोक में वरीयता क्रम 16 के राधेश्याम पाठक, सहायक शिक्षक को सेवानिवृत्ति के उपरांत प्रोन्नति का लाभ देते हुये उनके पेंशन को संशोधित करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1162. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--स्थानीय दैनिक अखबार में दिनांक 11 जनवरी, 2018 को छपी खबर ''आर्केष्ट्रा के लिये बंगाल व भोपाल से हो रही लड़कियों की तस्करी, फिल्मों में काम दिलाने का झांसा देकर ला रहे कारोबारी'' के आलोक में क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कोठवा कल्याणपुर, मधुवन सहित राज्य के अन्य हिस्सों में बिना लाईसेंस के सैकड़ों आर्केष्ट्रा संचालित है तथा संचालकों द्वारा इन लड़कियों से अवैध काम कराया जाता है, जिससे कई बार समाज में तनाव एवं विधि व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार गैर लाईसेंसी संचालकों पर कबतक कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*1163. श्री अनिल कुमार यादव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के भरगामा प्रखंड के सिरसिया कला एवं नरपतगंज प्रखंड के बसमतिया में स्टेडियम का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त प्रखंड में स्टेडियम का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*1164. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-बारा एवं ग्राम बीसपट्टी में प्रा० विद्यालय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामों में मध्य विद्यालय नहीं रहने के कारण बच्चों को 2 कि०मी० की दूरी तय करके दूसरे स्थान पर शिक्षा ग्रहण करने हेतु जाने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय को मध्य विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय का निर्माण

*1165. डॉ० रामानन्द यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा प्रखण्ड के मौजीपुर पंचायत के ग्राम-खिजिरपुर में सरकारी अनुसूचित जाति प्राथमिक विद्यालय निजी मकान में कई वर्षों से चल रहा है, जबकि 100 मीटर कि दूरी पर ग्राम-खिजिरपुर में आम गैर-मजरूआ जमीन उपलब्ध है, जिसका मौजा खिजिरपुर थाना सं० 12, खाता सं० 97, खेसरा सं० 173 कुल भूमि 00.34 डी० है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम खिजिरपुर में आम गैर-मजरूआ जमीन में उक्त विद्यालय का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पेंशन दिलाना

*1166. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत बड़की मुर्मु पति स्व० रामजी हांसदा सा० मियाँपुर, थाना मनिहारी को 8 वर्षों से विधवा होने के बाद भी विधवा पेंशन नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विधवा को पेंशन दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान कराना

*1167. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार एवं जन्दाहा प्रखण्ड में वृद्धापेंशन की राशि वर्ष 2014-15, 2015-16, 2016-17 से बकाया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के लाभुकों के खाते में बकाये राशि का भुगतान चालू वित्तीय वर्ष में करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षा पदाधिकारी का पदस्थापन

*1168. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत चौसा एवं पुरैनी प्रखण्डों में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी का पद दो वर्षों से रिक्त है, जिसके कारण पठन-पाठन का निरीक्षण कार्य प्रभावित होता है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त प्रखण्डों में रिक्त पद पर प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी के पदस्थापन को कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :

दिनांक 13 मार्च, 2018 (ई०) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

**बि०स०मु० (एल०ए०), 111—डी०टी०पी०—550**